No. of Printed Pages/Questions:2 /5

O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

Periodic Test - II (2023 – 2024)

Class -VII **MM:20**

Subject: HINDI **Time: 1 Hrs.**

Name: ____________ Roll No.:__________

General Instructions: ***All questions are compulsory***

प्रश्न 1 नीचे दिए गए अपठित पद्यांश को ध्यान से पढिए और उनपर आधारित प्रश्नों के उत्तर का चयन दिए गए विकल्प में से कीजिए- **1X4=4**

चाह नहीं, सुरबाला के गहनों में गूँथा जाऊँ,
चाह नहीं, प्रेमी-माला में बिंध प्यारी को ललचाऊँ,
चाह नहीं, सम्राटों के शव पर हे हरि डाला जाऊँ,
चाह नहीं, देवों के सिर पर चढ़ूँ भाग्य पर इठलाऊँ,
मुझे तोड़ लेना वनमाली,
उस पथ पर तुम देना फेंक
मातृभूमि पर शीश चढ़ाने,
जिस पथ जाएँ वीर अनेक ।

(i) इस पद्यांश में किसका वर्णन किया गया है?

(अ) वृक्ष (ब) फूल
(स) कली (द) नारी

(ii) 'पुष्प' क्या चाहता है?

(अ) मंदिर में चढ़ना (ब) मालामें बिंधना
(स) गहनों में सजना (द) वीरों के पथ पर बिछना

(iii) पुष्प ने स्वयं को वीरों के पथ पर डालने की किससे प्रार्थना की है?

(अ) कवि (ब) वनमाली
(स) माता (द) डाली

(iv) नीचे दिए गए शब्दों में 'अनेक' का विलोम होगा-

(अ) बहुत (ब) एक
(स) दो (द) सभी

प्रश्न 2 नीचे दिए गए सभी प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से चुनकर लिखिए- 1X4=4

(i) 'पेड़ से फल गिर गया।' वाक्य में कारक है-

(अ) संप्रदान (ब) अपादान

(स) संबंध (द) करण

(ii) करण कारक किस अर्थ में प्रयुक्त होता है-

(अ) क्रिया के साधन के अर्थ में (ब) अलग होने के अर्थ में

(स) देने के अर्थ में (द) संबंध बताने के अर्थ में

(iii) निम्न में से निश्चित परिमाणवाचक विशेषण है-

(अ) कम बच्चे (ब) कई किलो प्रसाद

(स) तीन लीटर दूध (द) दो गुलाब

(iv) निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प गुणवाचक का उदाहरण नहीं है?

(अ) अच्छा (ब) दयालु

(स) बुद्धिमान (द) दुगुना

प्रश्न 3 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से चुनकर लिखिए- 1X2=2

(i) 'एक तिनका' कविता में से हमें क्या संदेश मिलता है?

(अ) मनुष्य को छत पर नहीं खड़ा होना चाहिए।

(ब) मनुष्य को घमंड करना चाहिए।

(स) मनुष्य को घमंड नहीं करना चाहिए।

(द) मनुष्य को छत पर खड़ा होकर घमंड करना चाहिए।

(ii) कौन-से व्यंजन दिन-प्रतिदिन घटते जा रहे हैं?

(अ) पश्चिमी (ब) शहरी

(स) विदेशी (द) स्थानीय

प्रश्न 4 नीचे दिए गए सभी प्रश्नों का उत्तर दो से तीन पंक्तियों में लिखिए- 2X3=6

(क) आज के युग में फ़ास्ट फ़ूड का चलन तेज़ी से बढ़ रता है, क्यों?

(ख) खानपान की मिश्रित संस्कृति में हम खाने की चीज़ों का असली स्वाद क्यों नहीं ले पाते हैं?

(ग) शहरों के विद्यालयों में दोपहर को क्या देखने को मिलता है?

प्रश्न 5 नीचे दिए गए सभी प्रश्नों का उत्तर दो से तीन पंक्तियों में लिखिए- 2X2=4

(क) आँख में तिनका पड़ने के बाद घमंडी की क्या दशा हुई?

(ख) घमंडी की आँख से तिनका कैसे निकला?